प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 14.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– यह दशक भारत के लिए तरक्की का रहा, डिलीवरी और लोकतंत्र को मज़बूत करने वाले किये गये प्रयास।
2. झारखंड पुलिस मुख्यालय ने विधानसभा के पंचम सत्र के दौरान मंत्री और विधायकों के मूवमेंट के दौरान आपराधिक गतिविधियों की जतायी आशंका, सभी जिलों के एसपी को भेजा अलर्ट।
3. प्रवर्तन निदेशालय ने तीन सौ आठ करोड़ रूपये के मैक्सीजोन चिटफंड घोटाला मामले में दाखिल की चार्जशीट।
4. चतरा जिले में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 19 फरवरी से होगा शुरू, सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर समेत स्थानीय कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति।
5. झारखंड के मौसम में उतार–चढ़ाव जारी, मौसम विभाग अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री तक की गिरावट की जतायी संभावना।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कई मुश्किल दौर के बीच यह दशक भारत के लिए बहुत तरक्की का रहा है। वे कल नई दिल्ली में ईटी वैश्विक व्यवसायिक शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस दशक में मज़बूत डिलीवरी और लोकतंत्र को मज़बूत करने वाले प्रयास किये गये हैं।

****

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने विधानसभा के पंचम सत्र के दौरान विधायकों और मंत्रियों की सुरक्षा को लेकर सभी जिलों के एसपी को अलर्ट जारी किया है। पुलिस ने आशंका जतायी है कि मंत्री, विधायकों के मूवमेंट के दौरान उन पर माओवादी या आपराधिक हमले हो सकते हैं।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने राज्य निर्वाचन आयोग से शहरी निकाय चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग की है। उन्होंने कहा कि चुनाव सुरक्षा के माहौल में संपन्न होना जरूरी है।

वहीं झारखंड कांग्रेस ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग पूरी तरह से जिम्मेदारी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सजग है। कांग्रेस ने शहरी निकाय चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग को अनुचित ठहराया।

****

राज्य में होने वाले नगर निकाय चुनावों के लिए हलचल तेज है। हजारीबाग जिले में प्रचार अभियान के तहत उम्मीदवार घर–घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

****

रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने नगरपालिका निर्वाचन को लेकर मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने मतपेटियों की सीलिंग और लॉक व्यवस्था की जांच कर राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां समय पर और त्रुटिरहित पूरी करने का निर्देश दिया।

****

प्रवर्तन निदेशालय ने बहुचर्चित 308 करोड़ रुपए के मैक्सीजोन चिटफंड घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पीएमएलए की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। इस मामले में कंपनी के निदेशक चंद्रभूषण सिंह, उसकी पत्नी प्रियंका सिंह तथा मैक्सीजोन टेक प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है।

****

राजधानी रांची के सुखदेवनगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर तत्काल रोक लगा दी है। इससे हस्तक्षेपकर्ताओं को राहत मिली है। ग्यारह लोगों ने हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

****

साहेबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने सदर अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को लेकर सभी चिकित्सकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समीक्षा के दौरान उन्होंने चिकित्सकों तथा पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया।

****

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। महोत्सव में सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर, अल्ताफ राजा, भोजपुरी गायिका कल्पना पटवारी सहित कई नामचीन कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव में कई बेहतरीन फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

****

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों सुबह के समय हल्का कोहरा या धुंध छाए रहने की संभावना जतायी है। वहीं अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हजारीबाग में हाथियों के झुंड के हमले में सात लोगों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने पीएमओ के अब सेवा तीर्थ होने और पहले ही दिन प्रधानमंत्री के चार बड़े फैसले की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– मधुकम में 48 डिसमिल भूमि की दखल–दिहानी पर रोक।

प्रभात खबर की सुर्खी है– बांग्लादेश में दो दशक बाद फिर बीएनपी।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– खेल के क्षेत्र में झारखंड बढ़ रहा है आगे।

****